**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2834**
**दिनांक 17 मार्च, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**कैंसर के मरीजों को सहायता**

**2834. श्री वाई. देवेन्द्रप्पा:**
**श्री रणजितसिंह नाईक निंबालकर:**
**श्री देवजी पटेल:**
**श्री दिलीप शइकीया:**

**क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या यह सच है कि विश्व के बीस प्रतिशत कैंसर रोगी भारत में हैं और प्रतिवर्ष 75,000 लोग कैंसर से मरते है;
(ख) क्या कैंसर से शारीरिक पीड़ा होने के साथ-साथ इसके महंगे इलाज के कारण रोगी के परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो जाती है और कई परिवार गरीबी रेखा से नीचे चले जाते है;
(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान महंगे इलाज के कारण कुल कितने परिवार गरीबी रेखा से नीचे चले गए हैं;
(घ) कैंसर रोग की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा कार्यान्वित/प्रस्तावित विशेष योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और
(ङ) क्या सरकार का कैंसर रोगियों के लिए बीमा कवर शुरू करने/सुगम बनाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क) : भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार वर्ष 2022 में कैंसर के मामलों की अनुमानित संख्या 14.61 लाख और मृत्यु संख्या 8.08 लाख रही ।

(ख) और (ग): यह डेटा केंद्र के स्तर पर नहीं रखा जाता है।

(घ) और (ङ) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार, राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर और संसाधन क्षमता के अध्यधीन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के भाग के रूप में राष्ट्रीय कैंसर, मधुमेह, हृदवाहिका रोग और आघात रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम (एनपीसीडीसीएस) के अंतर्गत राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। कैंसर एनपीसीडीसीएच का एक अभिन्न अंग है। यह कार्यक्रम कैंसर सहित गैर संचारी रोगों की रोकथाम के

लिए अवसरंचना सुदृढ़ीकरण, मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य संवर्धन और जागरूकता सृजन, शीघ्र निदान, प्रबंधन और के उपचार लिए उचित स्तर के स्वास्थ्य परिचर्या केंद्र को रेफरल पर केंद्रित है। एनपीसीडीसीएस के अंतर्गत 708 जिला एनसीडी क्लीनिक, 301 जिला डे केयर सेंटर और 5671 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एनसीडी क्लीनिक स्थापित किए गए हैं।

एनएचएम के तहत और व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या के एक हिस्से के रूप में देश में सामान्य एनसीडी जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप और सामान्य कैंसर की रोकथाम, नियंत्रण और स्क्रीनिंग के लिए जनसंख्या आधारित पहल शुरू की गई है। इस पहल के तहत, 30 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को तीन सामान्य कैंसर यानी ओरल, ब्रेस्ट और सर्वाईकल के लिए उनकी स्क्रीनिंग के लिए लक्षित किया जाता है । इन सामान्य कैंसर की स्क्रीनिंग आयुष्मान भारत - स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों के तहत सेवा प्रदायगी का एक अभिन्न अंग है । आयुष्मान भारत स्वास्थ्य आरोग्य केंद्र योजना के माध्यम से व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या के तहत आरोग्यता संबंधी क्रियाकलापों को बढ़ावा देकर और सामुदायिक स्तर पर लक्षित संचार द्वारा कैंसर के निवारक पहलू को मजबूत किया जाता है ।

स्वास्थ्य परिचर्या केंद्रों में विभिन्न स्तरों पर कैंसर का निदान और उपचार किया जाता है। सरकारी अस्पतालों में गरीबों और जरूरतमंदों के लिए उपचार या तो मुफ्त है या अत्यधिक सब्सिडी दी जाती है। केन्द्र सरकार कैंसर की विशिष्ट परिचर्या के लिए स्वास्थ्य केंद्रों को बढ़ाने के उद्देश्य से ''विशिष्ट कैंसर परिचर्या स्वास्थ्य केन्द्रों का सुदृढ़ीकरण'' स्कीम कार्यान्वित करती है। उक्त स्कीम के अंतर्गत 19 राज्य कैंसर संस्थान (एससीआई) और 20 विशिष्ट कैंसर परिचर्या केन्द्र (टीसीसीसी) अनुमोदित किए गए हैं। इसका विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।

प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत नए एम्स और कई उन्नत संस्थाओं के मामले में इसके विभिन्न पहलुओं में ऑन्कोलॉजी पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। झज्जर (हरियाणा) में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान और चितरंजन राष्ट्रीय कैंसर संस्थान, कोलकाता के दूसरे परिसर की स्थापना भी इस दिशा में उठाए गए कदम हैं। ये सभी देश में कैंसर के उपचार की क्षमता को बढ़ाते हैं।

आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के तहत कैंसर का उपचार भी उपलब्ध है। इसके अलावा, राज्य सरकारों के सहयोग से प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के तहत सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराई जाती हैं। कुछ अस्पतालों/संस्थानों में किफायती दवाएं और उपचार के लिए विश्वसनीय प्रत्यारोपण (अमृत) फार्मेसी स्टोर स्थापित किए गए हैं, जिसका उद्देश्य अधिकतम खुदरा मूल्य की तुलना में कैंसर की दवाओं को अत्याधिक छूट पर उपलब्ध कराना है। राष्ट्रीय आरोग्य निधि (आरएएन) की अम्ब्रेला योजना और स्वास्थ्य मंत्री विवेकाधीन अनुदान (एचएमडीजी) के तहत गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों, प्रमुख जानलेवा रोगों से पीड़ित गरीब रोगियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। उपचार लागत के एक हिस्से को चुकाने के लिए एचएमडीजी के तहत अधिकतम 1,25,000 रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है और आरएएन की अम्ब्रेला योजना के तहत प्रदान की जाने वाली अधिकतम वित्तीय सहायता 15 लाख रुपये है।

<u>अनुलग्नक –1</u>

**एससीआई / टीसीसीसी की तालिका**

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **संस्थान का नाम** | **एससीआई/ टीसीसीसी** |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | कुरनूल मेडिकल कॉलेज, कुरनूल | एससीआई |
| 2 | असम | गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, गुवाहाटी | एससीआई |
| 3 | बिहार | इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना | एससीआई |
| 4 | छत्तीसगढ़ | छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, बिलासपुर | एससीआई |
| 5 | दिल्ली | लोक नायक अस्पताल | टीसीसीसी |
| 6 | गुजरात | गुजरात कैंसर रिसर्च इंस्टीट्यूट, अहमदाबाद | एससीआई |
| 7 | गोवा | गोवा मेडिकल कॉलेज, पणजी | टीसीसीसी |
| 8 | हरियाणा | सिविल अस्पताल, अंबाला कैंट | टीसीसीसी |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज, शिमला | टीसीसीसी |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज, मंडी | टीसीसीसी |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, श्रीनगर | एससीआई |
| 12 | | गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, जम्मू | एससीआई |
| 13 | झारखंड | राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, रांची | एससीआई |
| 14 | कर्नाटक | किदवई मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी (आरसीसी), बैंगलुरु | एससीआई |
| 15 | | मांड्या इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, मांड्या | टीसीसीसी |
| 16 | केरल | क्षेत्रीय कैंसर केंद्र, तिरुवनंतपुरम | एससीआई |
| 17 | | गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, कोझीकोड | टीसीसीसी |
| 18 | मध्य प्रदेश | जी.आर. मेडिकल कॉलेज, ग्वालियर | टीसीसीसी |
| 19 | | नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर | एससीआई |
| 20 | महाराष्ट्र | राष्ट्रसंत तुकडोजी क्षेत्रीय कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र, नागपुर | टीसीसीसी |
| 21 | | गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, औरंगाबाद | एससीआई |
| 22 | | विवेकानंद फाउंडेशन एंड रिसर्च सेंटर, लातूर | टीसीसीसी |
| 23 | मिजोरम | मिजोरम राज्य कैंसर संस्थान, आइजोल | टीसीसीसी |
| 24 | नगालैंड | जिला अस्पताल, कोहिमा | टीसीसीसी |
| 25 | ओड़िशा | आचार्य हरिहर पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर, कटक | एससीआई |
| 26 | पंजाब | गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, अमृतसर | एससीआई |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 27 | | सिविल अस्पताल, फाजिल्का | टीसीसीसी |
| 28 | राजस्थान | एस पी मेडिकल कॉलेज, बीकानेर | टीसीसीसी |
| 29 | | एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर | एससीआई |
| 30 | | झालावाड़ मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, झालावाड़ | टीसीसीसी |
| 31 | सिक्किम | मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, सोचीगांग (सिचे), गंगटोक के पास, सिक्किम, | टीसीसीसी |
| 32 | तमिलनाडु | कैंसर संस्थान (आरसीसी), अडयार, चेन्नई | एससीआई |
| 33 | तेलंगाना | एमएनजे इंस्टिट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी एंड आरसीसी, हैदराबाद | एससीआई |
| 34 | त्रिपुरा | कैंसर संस्थान (आरसीसी), अगरतला | एससीआई |
| 35 | उत्तर प्रदेश | संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ | टीसीसीसी |
| 36 | उत्तराखंड | गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी | एससीआई |
| 37 | पश्चिम बंगाल | गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, बर्धवान | टीसीसीसी |
| 38 | | मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, बेरहमपुर, मुर्शिदाबाद | टीसीसीसी |
| 39 | | सागोर दत्ता मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, कोलकाता | टीसीसीसी |

*****